हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 9 अक्टूबर, 2025

तापमान

अधिकतम 30 .4 डिग्री
न्यूनतम 18 .0 डिग्री

10 शहर को सजाकर स्वच्छता का संदेश दें दुकानदार : विज



10 श्रद्धा के साथ मनाया श्री गुरु राम दास का प्रकाश पर्व



## शेयर बाजार में लालच में गंवाए 12.40 लाख रुपये

**अंबाला।** ऑनलाइन शेयर मार्केटिंग के नाम पर युवक से 12.40 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में नारायणगढ़ के टैगोर गार्डन के रहने वाले अमित कुमार ने बताया कि 2 अगस्त 2024 को वह अपना फेसबुक चला रहा था। तभी शेयर मार्केट के लिंक गोल्ड मैन सचेस ग्लोबल फाइनेंशियल को क्लिक किया था। तभी साइबर ठग ने उनकी आईडी बना दी थी। जिसके बाद वह पैसे लगाता रहा। आरोपी ने 100 प्रतिशत मुनाफे का झांसा दिया था। आरोपी ने 12.40 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## घर पर फायरिंग कर हमला करने का आरोप

**यमुनानगर।** रोजा पीर कॉलोनी में निवासी सन्नी नैयर ने पारिवारिक विवाद के चलते चार लोगों पर उसके घर पर फायरिंग करवाकर हमला करने का आरोप लगाया है। आरोप सेक्टर-91 मोहाली निवासी दीपक नैयर, मुकेश नैयर, आकाश नैयर व सेक्टर-68 निवासी संजीव नैयर पर लगा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस सन्नी नैयर ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका आरोपी दीपक नैयर, मुकेश, आकाश व संजीव के साथ पारिवारिक विवाद चल रहा है।

## किशोरी के बैग से नकदी और मोबाइल फोन चोरी

**यमुनानगर।** ग्रीन विहार कॉलोनी जगाधरी निवासी गौरी ने शहर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह मंगलवार को शहर की मीरा बाई मार्किट में खरीददारी करने के लिए आई थी। जब वह दुकान पर खरीददारी कर रही थी तो उसने अपना बैग साइड में रख दिया। कुछ देर बाद जब उसने अपना बैग चेक किया तो उसमे से छह हजार रुपये व मोबाइल गायब था। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

## धमकियों से परेशान आढ़ती ने दी जान

**पानीपत।** सनौली खुर्द अनाज मंडी के करीब 42 वर्षीय आढ़ती सुनील गर्ग ने कर्ज और लगातार मिल रही धमकियों से परेशान आकर जहरीला पदार्थ निगल कर अपनी जीवन लीला खत्म कर ली। सुनील गर्ग उर्फ लीला का कुछ लोगों से पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। परिजनों का कहना है कि पिछले कई दिनों से कुछ लोग उनसे जबरन पैसे की मांग कर रहे थे और धमकी दे रहे थे।

## कोर्ट में तारीख पर जा रहे बुजुर्ग को पीटा

**इसराना।** गांव अहर के बुजुर्ग सता पुत्र केहरी पानीपत कोर्ट में किसी मामले में तारीख पर जा रहा था। इस दौरान किसी अज्ञात ने वाहन से टक्कर मारी फिर डंडों.बिडो से बुरी तरह से पीटा। हालात गंभीर होने के कारण उसे रोहतक रैफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि उक्त बुजुर्ग का बेटा अमेरिका में रह रहा है।

---

तीन नए आपराधिक कानूनों की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी

# प्रदर्शनी में नजर आए कंट्रोल रूम से लेकर अदालत प्रक्रिया के अहम लम्हें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में तीन नए आपराधिक कानूनों की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के 30 मिनट के शो में कन्ट्रोल रूम में सूचना मिलने से लेकर अदालत की प्रक्रिया के अहम लम्हों को हूबहू दिखाने का अनोखा प्रयास किया गया है। इस अनोखे प्रयास को देखने के लिए हरियाणा के कोने-कोने से हर वर्ग और हर क्षेत्र के लोग पहुंच रहे हैं।

इस राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में लोगों की मांग को देखते हुए अब रोजाना शो की संख्या बढ़ाकर 5 तक कर दी गई है। अहम पहलू यह है कि हरियाणा गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा स्वयं रोजाना प्रशासनिक अधिकारियों से रिपोर्ट ले रही है। धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 3 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मेला ग्राउंड में गृह विभाग की तरफ से 3 नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद आए परिवर्तनों को लेकर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

### केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था उद्घाटन

■ कुरुक्षेत्र में हो रहे 30 मिनट के रोजाना पांच शो

इस पावन धरा पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से ही देश विदेश से आने वाले नागरिकों को नए कानूनों के बाद आए परिवर्तनों को दिखाने के लिए राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा व पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के आदेशानुसार रोजाना कुरुक्षेत्र ही नहीं हरियाणा प्रदेश के कोने-कोने से हर विभाग, हर वर्ग और हर क्षेत्र के नागरिक और विद्यार्थी प्रदर्शनी को देखने के लिए पहुंच रहे है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि इस राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में शुरूआती दौर में 2 या 3 शो ही दिखाए गए। इस शो का समय लगभग 30 मिनट का रखा गया है, लेकिन लोगों की डिमांड के अनुसार अब रोजाना 5 शो लोगों को दिखाए जा रहे है। इस 30 मिनट के शो में कन्ट्रोल रूम, घटना स्थल, थाने की प्रक्रिया, पोस्टमार्टम, एफएसएल की सैम्पलों की ऑनलाइन रिपोर्ट, जिला न्यायवादी कार्यालय की प्रक्रिया, जेल और फिर अदालत की प्रक्रिया को हूबहू दिखाया गया है। इस 30 मिनट के शो में आम नागरिक सहजता से नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद कानूनी प्रक्रिया में आई तेजी और ऑनलाइन कार्यप्रणाली को विस्तार से दिखाया गया है।



प्रदर्शनी देखने आए स्कूली छात्र

---

विद्यालय जिम्नास्टिक एवं तैराकी प्रतियोगिता शुरू

# प्रदेशभर से 1500 खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

*रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ, कैबिनेट मंत्री अनिल विज बोले, खिलाड़ियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं, नहीं होने देंगे परेशानी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी स्थित वार हीरोज स्टेडियम में बुधवार को हरियाणा राज्य स्तरीय विद्यालय जिम्नास्टिक एवं तैराकी प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन हुआ।

इस अवसर पर योग, स्विमिंग एवं जिम्नास्टिक फैडरेशन के जिला अध्यक्ष राजिंदर विज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनका स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया। विज ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रेरणा जागृत करते हैं। खिलाड़ियों को कैबिनेट मंत्री अनिल विज के प्रयासों से वैश्विक स्तर का जिम्नास्टिक हॉल, स्विमिंग पूल तथा 300 खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स हॉस्टल जैसी सुविधाएं प्राप्त हुई हैं।

■ देशभक्ति गीतों की धुन पर खिलाड़ी और दर्शक झूम उठे



**अंबाला।** प्रतियोगिता के शुभारंभ पर नृत्य करती छात्राएं व मुख्यअतिथि का स्वागत करते डीईओ सुधीर कालड़ा।

इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु मंत्री विज द्वारा राज्य के सभी 22 जिलों से आए 1500 खिलाड़ियों के लिए उम्दा रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था करवाई गई है।जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा एवं उनकी टीम द्वारा आयोजित यह उद्घाटन समारोह अनुशासन, आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के कारण खेल इतिहास में गौरवशाली उपलब्धि बन गया है। अपने संबोधन में जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने कहा कि कैबिनेट मंत्री अनिल विज एवं मुख्यअतिथि राजिंदर विज की प्रेरणा से इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में आए 1500 खिलाड़ियों के लिए उत्तम ठहराव की व्यवस्था गई। उद्घाटन समारोह के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्रों द्वारा आकर्षक एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंबाला छावनी के प्रसिद्ध गायक राकेश आहूजा ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिनकी धुन पर उपस्थित खिलाड़ी और दर्शक झूम उठे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी रामस्वरूप शर्मा, डीपीसी प्रमोद कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मोनिका, सतबीर सिंह, जगदीश मेहरा, प्रधानाचार्य नीरू गुप्ता, नीरज विक्रम, नरेंद्र राणा, प्रवीण शर्मा, केपी सिंह, नोडल अधिकारी राजेंद्र सिंह जिंदू, सहायक खेल शिक्षा अधिकारी अमरिंदर सिंह, सहायक मौलिक खेल शिक्षा अधिकारी साहिल सचदेवा सहित विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य, खेल शिक्षक एवं अन्य अध्यापक और प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीजीटी जितेंद्र कुमार द्वारा किया गया

---

# सीएम ने जापान में किया प्रदर्शनी का अवलोकन



■ जापान के टोक्यो में हरियाणा सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विदेश प्रवर्तन विभाग हरियाणा तथा कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में जापान के टोक्यो में हरियाणा सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

भारत मंडपम में स्थापित हरियाणा पवेलियन न केवल भारतीय प्रवासियों के लिए गर्व का विषय बना हुआ है, बल्कि जापान और अन्य देशों के लोगों के आकर्षण का केंद्र भी बना है। यह जानकारी विरासत के प्रवक्ता अभिनव पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी का अवलोकन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रधान मुख्य सचिव राजेश खुल्लर, अतिरिक्त मुख्य सचिव अमित अग्रवाल तथा हरियाणा सरकार के विदेश सहयोग विभाग के मुख्यमंत्री सलाहकार पवन कुमार चौधरी ने अवलोकन किया। अभिनव पूनिया ने बताया कि विदेश प्रवर्तन विभाग हरियाणा की टीम ने पिछले दिनों विरासत हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में विरासत हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र की ओर से विषय-वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई है। अवलोकन कर टीम ने जापान के टोक्यो शहर में लगने वाली प्रदर्शनी के लिए विषय-वस्तुओं का चयन किया। हरियाणा पवेलियन में सजाई गई प्राचीन विषय-वस्तुएं प्रवासी भारतीयों के साथ-साथ जापान के लोगों के लिए भी उत्साह का केन्द्र बनी हुई है।

---

## धरनास्थल पर ही करवा चौथ का त्योहार मनाएंगी महिलाएं : नीतू



**कुरुक्षेत्र।** एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र के सामने हरियाणा सरकार की तानाशाही के खिलाफ धरना 20वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता एलसीएलओ की राज्य प्रधान नीतू व संचालन जिला प्रधान रीतू नैन ने किया। धरने की अध्यक्षता करते हुए राज्य प्रधान नीतू ने बताया कि हमारा अनशन शान्ति पूर्ण व अनुशासन में चल रहा है। कहा कि धरना स्थल पर ही महिलाएं करवा चौथ का त्योहार मनाएंगी। जिला प्रधान अनिल ने कहा कि जब तक सरकार कर्मचारियों को ड्यूटी पर नहीं ले लेती तब तक सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र से संबंधित सभी विभागीय कर्मचारी इनके धरने को समर्थन व सहयोग करते रहेंगे। क्रमिक अनशन पर पवन पलवल,योगेश पलवल,नेहा करनाल,राजेश व सुरेंद्र बैठे। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओमप्रकाश जी ने कहा कि सरकार को चाहिए कि बातचीत का रास्ता निकाले व इन कर्मचारियों को इनकी ड्यूटी दे अन्यथा आंदोलन को पूरे राज्य में बढ़ाया जाएगा। यूनियन जिला प्रधान दीपक रोहतक ने बताया कि नौकरी का विज्ञापन और टेस्ट सीपीएलओ क्रिड पंचायत लोकल ऑपरेटर की पोस्ट के लिए लेकिन ऑफर लेटर एलसीएलओ लोकल कमेटी लोकल ऑपरेटर का दे दिया। यह बेरोजगारों के साथ धोखाधड़ी है।

---

*अजय चौटाला का रादौर में किया स्वागत*

## अनाज मंडियों में धान में नमी बताकर बेदर्दी से लूटे जा रहे किसान : चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में पहुंचने पर जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला का स्वागत करते हुए कार्यकर्ता।

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश की अनाज मंडियों में नमी के नाम पर धान को कम दामों पर खरीदकर किसानों के साथ लूट खसूट की जा रही है। वहीं, नरमा, कपास व बाजरा की फसलों को किसानों को कम मूल्य पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है और प्रदेश सरकार किसानों को लूटता हुआ देखकर भी अनाज बन रही है। उन्होंने उक्त शब्द रादौर में जजपा नेता डॉ. जरनैल सिंह पंजेटा के कार्यालय में बातचीत करते हुए कहे।

जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में 24 फसलों को एमएसपी मूल्य पर खरीदने के दावे खोखले सिद्ध हो रहे हैं। प्रदेश में किसान जहां नरमा व कपास की फसल को 1200 रुपये प्रति क्विंटल बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। वहीं, बाजरा की फसल को भी एमएसपी से कम 400 रुपये प्रति क्विंटल बेचना पड़ रहा है। जबकि अनाज मंडियों में धान की फसल में नमी बताकर उसे दो सौ से तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल कम दामों पर खरीदकर किसानों का शोषण किया जा रहा है। प्रदेश की अनाज मंडियों में धान खरीद में बेदर्दी से किसानों को लूटा जा रहा है। चौटाला ने कहा कि आलम तो यह है कि अनाज मंडियों में तीन तीन मशीनों पर धान की नमी की मात्रा को अलग अलग बताकर किसानों को लूटा जा रहा है। बाढ़ में बर्बाद हुई फसलों का पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल सरकारों ने करोड़ों रुपये नुक्सान की भरपाई के दिए हैं। मगर हरियाणा के किसानों की सरकार ने कोई सुध नहीं ली है।

---

## गोशाला महासंघ हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन



**कुरुक्षेत्र।** सरकार की स्कीम के अनुसार चारा अनुदान राशि गौशालाओं को समय पर दिए जाने बारे व मृत गोवंश हेतु हड्डा रोड़ी की जमीन दिए जाने की मांग को लेकर गौशाला महासंघ हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्ष 2025-26 के लिए हरियाणा सरकार द्वारा गोवंश के लिए 595 करोड़ रुपये का बजट अनाउंस किया गया था। इसके अनुसार 10, 20, 25 रुपये की चारा अनुदान राशि प्रतिदिन प्रति गोवंश के हिसाब से दिए जाने वाली स्कीम बनाई गई थी। इस स्कीम के अनुसार गौशालाओं को जनवरी-फरवरी मार्च 2025 तक ही चारा अनुदान राशि प्राप्त हुई है। अप्रैल से सितंबर 2025 तक पिछले 6 महीने की चारा अनुदान राशि अभी तक प्रक्रिया में नही है। इसके साथ-साथ मृत गोवंश के निपटान के लिए गौशालाओं के पास जमीन व संसाधन नही है। इस अवसर पर जितेंद्र शर्मा, देवीदयाल, देशराज, हाकम सिंह, महाबीर सिंगला, रणजीत, श्याम लाल गर्ग, सुरेंद्र गोयल, मुनीष कुमार, नारायण दत्त, रोहताश शर्मा आदि मौजूद रहे।

---

### आढ़ती बोले, बरसात से भारी नुकसान, खेतों में खड़ी फसल भी गिरी

# धान की कटाई ठप, मंडियों में भी आवक नहीं

■ अब धूप निकलने का इंतजार कर रहे हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दो दिन से हो रही बरसात की वजह से किसान बेहद परेशान हैं। बरसात की वजह से खेतों में खड़ी धान की फसल पानी में डूब गई। इसी वजह से अब धान की कटाई का काम बाधित हो गया।

धान की कटाई बरसात के कारण पूरी तरह से बंद हो गई है। धान कटाई के लिए अब किसान धूप का इंतजार कर रहे हैं।

आढ़ती भी किसानों को मौसम साफ होने पर धान लेकर आने का आह्वान कर रहे हैं। सोमवार-मंगलवार को जमकर बरसात हुई थी जिसकी वजह से मंडियों में आई धान भी भीग गई थी। बारिश का मौसम होने से अंबाला शहर मंडी में दो दिन से ज्यादा धान की आवक नहीं हुई है। मंडी में उठान होने से मंडी खाली दिखी। मंडी में बाहर भरकर रखी गई बोरियों को ढका गया था। हल्की बारिश होने से दोपहर बाद खरीद कार्य नहीं हुआ। बारिश के कारण दोपहर बाद कार्य बंद रहा। शेड में रखी फसल को ही उठाने के लिए ट्रकों में भरा गया। किसान भी अपनी फसल के लिए मंडी में बैठे दिखे। इसी तरह बराड़ा में शाम तक बादल छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। फसल को मंडी में तिरपाल से ढका गया था।



**अंबाला।** बरसात के बाद शहर में अनाज मंडी का हाल।

### बराड़ा में बारिश और हवा से बिछी फसल

*क्षेत्र में बारिश और तेज हवा से धान की फसल बिछ गई, इसके नुकसान का आंकलन नहीं हुआ है। अंबाला शहर मंडी सचिव दलेल सिंह ने बताया कि मंडी में बारिश के कारण दो दिन से धान नहीं पहुंच रहा है। धान की उठान लगातार हो रही है। किसान संदीप सिंह ने बताया कि बारिश के कारण अभी किसान कटाई नहीं करवा रहे हैं। बारिश से फसल में जलभराव नहीं है। फसल कटवाने पर नमी बढ़ जाती है। आढ़ती गौरव ने बताया कि मंडी में धान कम ही आ रहा है। बारिश के कारण कटाई बंद है। मंडी खाली पड़ी है। बरसात होने से मंडी में गंदगी फैल गई है। अंबाला शहर मंडी में सड़कों पर धान को साफ करने के बाद निकला भूसा सड़कों पर ही जमा है। इस भूसे को सड़क से उठाया नहीं जा रहा है। इससे मंडी की सड़कों पर गंदगी फैल गई है। इसके अलावा सड़क और नालियों से पानी की निकासी भी प्रभावित हो रही है।*

---

*कुवि के कुलपति ने दी बधाई*

## प्रो. महासिंह पूनिया को हाइफा लोक धरोहर गौरव सम्मान मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ पर्फोमिंग एंड विजुअल आर्टस (सुपवा) विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित हरियाणवी इनोवेटिव फिल्म एसोसिएशन (हाइफा) के चौथे वार्षिक उत्सव में प्रदेश की लोक संस्कृति, कला और विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन में विशेष योगदान के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान व लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया को हाइफा लोक धरोहर गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस उपलब्धि के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने प्रो. महासिंह पूनिया को लोक धरोहर और विरासत के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सम्मानित होने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। यकार्यक्रम में एम.डी.यू. कुलपति प्रो. राजबीर लोहान, सुपवा कुलपति अमित आर्य, सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता यशपाल शर्मा, पूर्व आईजी मैडम सुमन मंजरी, सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि वे हाइफा परिवार और सभी आयोजकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। यह सम्मान केवल उनके लिए नहीं बल्कि उन सभी कलाकारों और शोधकर्ताओं के लिए भी है जो हरियाणवी संस्कृति और परंपराओं को सहेजने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। कार्यक्रम के दौरान हरियाणवी सिनेमा, लोक परंपराओं और प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर सार्थक चर्चा भी की गई।

## खबर संक्षेप



### तीन दिवसीय दिवाली मेला कल

**लाडवा।** शिवाला रामकुण्डी में रोटरी, रोट्रेक्ट व इनरव्हील क्लब की ओर से 10 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक तीन दिवसीय दिवाली मेला आयोजित किया जाएगा। रोटरी क्लब के प्रधान संजीव जिंदल ने बताया कि हर साल तीनों क्लबों की ओर से दिवाली मेला एक दिन के लिए लगाया जाता था, लेकिन इस बार इसे तीन दिवसीय रूप में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेले की तैयारियां तीनों क्लबों के संयुक्त प्रयासों से शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि इस बार के मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष झूले, गेम्स और सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गए हैं। साथ ही डांडिया नाइट, फैशन शो और बच्चों द्वारा प्रस्तुत डांस मुख्य आकर्षण रहेंगे। खाने-पीने के लिए देशभर के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल्स लगाए जाएंगे। इस बार मेले में नए-नए उत्पादों, आकर्षक सजावट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अनुभव मिलेगा।

### उद्योग व्यापार मंडल ने उपायुक्त को सौंपा मांगपत्र

# बिजली दरों में वृद्धि व फिक्स चार्ज के खिलाफ उद्यमियों ने मोर्चा खोला

- बिजली बिलों में बढ़ोतरी से उद्यमी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा ने प्रदेश सरकार से बिजली दरों में वृद्धि और बिल में लगने वाले नाजायज खर्चों को वापस लेने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त पार्थ गुप्ता को मांगपत्र सौंपा है।

बुधवार सुबह उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधि मंडल प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र मित्तल के नेतृत्व में जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता से उनके कार्यालय में मिला। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त पार्थ गुप्ता को मांग पत्र सौंपा। मौके पर मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र मित्तल ने कहा कि



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में उपायुक्त पार्थ गुप्ता को मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपते उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

बिजली विभाग की नितियों के कारण आम आदमी पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। जिसमें फिक्स चार्ज, फ्यूल चार्ज, ड्यूटी चार्ज, सरचार्ज, म्युनसिपेलिटी टैक्स आदि सभी तरह के टैक्स हैं। अप्रत्याशित चार्ज बढने से बिजली दरों में भारी वृद्धी हो गई है। जिससे मंदी की मार झेल रहे उद्योग भी बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि नए नियमों के तहत घरेलू बिजली उपभोक्ताओं पर भी फिक्स्ड चार्ज लगाया जा रहा है और स्लैब में बदलाव किए गए हैं। इससे बिजली बिल 12 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं।

#### पांच किलोवाट कनेक्शन वालों पर अधिक मार

सबसे अधिक मार पांच किलोवाट के कनेक्शन धारकों पर पड़ी है। मित्तल ने कहा कि पहले हर महीने 50 यूनिट या इससे अधिक खपत पर 2.50 रुपये से लेकर 6.30 रुपये प्रति यूनिट अलग-अलग स्लैब के अनुसार बिल लिया जाता था। मगर अब उनसे 6.50 से 7.50 रुपये प्रति यूनिट तक लिए जाने लगा है। उन्होंने कहा कि बिजली दरों की बढ़ोतरी व फिक्स चार्ज बढ़ने से उद्योग जगत बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इसमें राहत दी जानी चाहिए। मौके पर विपिन गुप्ता, विजय सेठी, हर्षित कांबोज, अभिराज राणा, आशीष गर्ग, इंद्र मिगलानी, राजू, अनिल, संदीप, रविंद्र, कमल, सुरेश व महेश आदि मौजूद थे।

# सीएचसी रादौर में दवाइयों का अभाव

### एसएमओ डॉ. विजय ने जल्द दवा का स्टाक पूरा होने का जताया दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा सरकार द्वारा जनता को राजकीय अस्पतालों में बेहतर उपचार करवाए जाने का दावा जताया जा रहा है। वहीं, सामुदायकि स्वास्थ्य केंद्र रादौर में पिछले दो महीने से दवाइयों का स्टाक खत्म होने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल के एसएमओ डॉ. विजय परमार ने अस्पताल में दवाइयों का स्टाक जल्द पूरा होने का दावा जताया है।

कस्बा निवासी राजेंद्र, कुलदीप, सोमप्रकाश व सुरेंद्र आदि ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर में करीब दो महीने से मरीजों को जरुरत के अनुसार दवाइयां नहीं मिल रही हैं। जिसकी वजह से जरुरतमंदो व गरीब वर्ग को हैं और उन्हें भारी भरकम पैसे खर्च कर प्राइवेट मेडिकल स्टोर से दवाइयां खरीदनें को मजबूर होना जनता को सरकारी अस्पताल में सस्ता ईलाज मुहैया करवाने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।



**यमुनानगर।** रादौर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाइयों की हुई कमी।

#### दवाइयों की कमी को जल्द किया जाएगा पूरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर के एसएमओ डॉ. विजय परमार ने बताया कि गत दिनों आई बाढ़ के कारण अंबाला में स्वास्थ्य विभाग के स्टोर में रखी दवाईयां खराब होने के कारण स्टॉक में दवाइयों की कुछ कमी आई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही अस्पताल में दवाइयों की कमी को पूरा करवा लिया जायेगा। जिसके बाद मरीजो को दवाइयों की कमी नहीं होगी।

## सोशल मीडिया पर मां-बेटी के खिलाफ की अभद्र टिप्पणी

**यमुनानगर।** सोशल मीडिया पर मां बेटी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में रादौर पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी पर मां-बेटी को जाति सूचक शब्द बोलने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार रादौर थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गुरजंत नाम का व्यक्ति सोशल मीडिया पर उसके व उसकी बेटी के बारे में अभद्र टिप्पणी कर रहा है। 29 सितंबर को भी आरोपी ने उन दोनों के खिलाफ इंस्टाग्राम पर गलत मैसेज किया। इतना ही नहीं आरोपी ने उन्हें जाति सूचक शब्द भी बोले। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी गुरजंत के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## साइबर सुरक्षा के लिए मजबूत बनाएं पासवर्ड : नीलम

नेशनल पब्लिक स्कूल यमुनानगर में आयोजित किया साइबर सुरक्षा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के दिल्ली मार्ग स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल यमुनानगर में बुधवार को पुलिस प्रशासन द्वारा साइबर सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में पुलिस एएसआई नीलम व इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा गौतम ने किया। मौके पर विद्यालय की उपप्रधानाचार्या आरना सिंह भी मौजूद रही।

मुख्य वक्ता नीलम ने बताया कि साइबर सुरक्षा अभियान हर वर्ष अक्तूबर मास में चलाया जाता है। यह अभियान करीब बीस वर्ष से चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरुआत वर्ष 2003 में अमेरिका से हुई थी। मुख्य वक्ता एएसआई नीलम ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उदेश्य स्टे सेफ ऑनलाइन है। यह डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आमतौर पर ऑनलाइन के सरल तथा प्रभावी तरीको पर आधारित है। इसके लिए हमें सावधान रहने की आवश्यकता है। हमें मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करना चाहिए। एएसआई नीलम ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की किसी घटना का शिकार होता है तो वह 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस की सहायता ले सकता है। मौके पर विद्यालय के प्रबंधक आरएस पुंडीर ने कहा कि साइबर खतरों से बचने के लिए हमें अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करनी चाहिए तथा खुद एवं अपने परिवार को सोशल मीडिया से दूरी रखनी चाहिए।



**यमुनानगर।** नेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित साइबर सुरक्षा कार्यक्रम में बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए मुख्य वक्ता।

### बिना नंबर की बाइकें बन रही लोगों के लिए परेशानी

**रादौर।** बिना नंबर की बाइकें रादौर क्षेत्र के लोगों के लिए खतरा बनती जा रही हैं। आरोप है कि पुलिस विभाग भी बिना नंबर की बाइकों को सड़कों पर चलने से रोकने में नाकामयाब रहा है। जिसके चलते असामाजिक तत्व चोरी, नशे की तस्करी, अवैध शराब व अन्य गैर कानूनी मामलों में इस्तेमाल करते हैं।

क्षेत्रवासियों रामकुमार, साहिल, संदीप सैनी, कृष्ण कुमार, राजेश, सुरेश आदि ने बताया कि रादौर की सड़कों पर बिना नंबर प्लेट की बाइकों को घूमते हुए देखा जा सकता है। शरारती तत्व किसी अन्य व्यक्ति के साथ मारपीट करने के लिए बिना नंबर की बाइकों का इस्तेमाल करते हैं। बिना नंबर की बाइकों को ट्रेस कर पाना मुश्किल होता है। वहीं चोरी जैसी वारदातों में भी बिना नंबर की बाइकों का इस्तेमाल किया जाता है।

# स्वराज स्कूल के वार्षिक समारोह में झूमे बच्चे

### दामला में खिड़की उत्सव में बच्चों की प्रस्तुतियों ने जीता दर्शकों का दिल

- कोरियोग्राफी एसिड अटैक ने दर्शकों का दिल जीत लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर


स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में खिड़की विषय के साथ वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। वार्षिक उत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करना और उनमें आत्मविश्वास की भावना का संचार करना रहा। जिससे वे जीवन में नई ऊंचाइयों को छू सकें।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवन के साथ हुआ। तत्पश्चात भारतीय संस्कृति की भव्यता को दर्शाते हुए शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने पूरे वातावरण को श्रद्धा और कला के रंग से भर दिया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग और मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। जो उनकी कलात्मक क्षमता का प्रमाण थी। बाल वाटिका के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने पुराने गानों को एक नया रूप देते हुए इतनी सुंदर प्रस्तुति दी कि कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का मन मोह लिया। मंच पर नृत्य नाटिका, समूह गीत, और गरबा जैसे विभिन्न सांस्कृतिक रूप देखने को मिले। एक विशेष हरियाणवी नृत्य के माध्यम से अपने हरियाणा की समृद्ध संस्कृति को दर्शाया गया। कक्षा आठवीं से लेकर बारहवीं तक के छात्रों के जोशपूर्ण भांगड़ा प्रदर्शन ने कार्यक्रम में एक नई जान भर दी। योगा की प्रस्तुतियों ने न केवल छात्रों की प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि योग के महत्व को भी उजागर किया। कक्षा पांचवी से 12वीं तक के छात्रों द्वारा प्रस्तुत कोरियोग्राफी एसिड अटैक ने दर्शकों का दिल जीत लिया। जिसने स्कूल की अपने छात्रों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाया।मौके पर शिक्षा, राज्य स्तरीय खेल उपलब्धियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार व ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की मुख्याध्यापिका ज्योति नागपाल सेठी ने स्कूल की उपलब्धियों से सभी को अवगत करवाया।



**यमुनानगर ।** स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

### नन्हे मुन्ने बच्चों ने पंजाबी गिद्दा प्रस्तुत कर सभी को किया मंत्रमुग्ध




**रादौर।** स्वराज शिशु निकेतन स्कूल रादौर में वार्षिक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुकंद शिक्षण संस्थाओं के अध्यक्ष सेठ अशोक कुमार ने किया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रेनू शांडिल्य ने बताया कि कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यार्थियों ने रंग थीम पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दी। जिसमें ओल्ड इज गोल्ड, तुझ में रब दिखता है, एक पृथ्वी एक योग, हरियाणवी नृत्य, कश्मीर से कन्याकुमारी तक, ओम नमो भगवते वासुदेवाय, झांसी की रानी और पंजाबी गिद्दे व भांगड़ा आदि की प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रबंधक पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. रमेश कुमार, ईश्वर गर्ग, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. संजीव गर्ग, अंकुश सिंगला, प्रमोद ग्रोवर व पूजा जौली आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं को ऑटो में सुरक्षित सफर की दी जानकारी, समस्या पर 1091 पर करें शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की दुर्गा शक्ति टीम द्वारा शहर के आटो रिक्शा स्टैंडों व अन्य स्थानों पर अभियान चलाकर आटो में सफर करने वाली महिलाओं को ट्रिप मानिटरिंग सेवा के लिए जागरूक किया। अभियान का नेतृत्व दुर्गा शक्ति टीम की प्रभारी उप निरीक्षक कुसुम रानी ने किया।

दुर्गा शक्ति टीम की प्रभारी उप निरीक्षक कुसुम रानी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्ग दर्शन में शहर में आटो में सफर करने के दौरान महिलाओं को सुरक्षित रहने के लिए ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा की जानकारी दी जा रही है। ताकि आटो रिक्शा में सफर करने के दौरान महिलाओं अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने बताया कि दुर्गा शक्ति टीम ने शहर के प्रमुख ऑटो स्टैंडों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिला सवारियों से संवाद किया। इस दौरान आटो रिक्शा में सफर करने वाली महिलाओं को बताया गया कि आटो में सफर के दौरान कोई सहयात्री उन्हें असहज महसूस कराता है तो वह तुरंत इसकी शिकायत कर सकती हैं। इसके लिए महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 व 112 या नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क किया जा सकता है। टीम प्रभारी कुसुम रानी ने महिलाओं को बताया कि जिले में चलने वाले सभी ऑटो के ऊपर चालक का नाम और मालिक का मोबाइल नंबर अंकित होता है। जिससे किसी भी तरह की शिकायत की स्थिति में संबंधित व्यक्ति की पहचान कर पाना आसान हो जाता है। महिलाओं को सलाह दी गई कि वह ऑटो में बैठने से पहले इन जानकारियों को जरूर देख लें और सुरक्षित महसूस न होने पर वाहन को बदलने में संकोच न करें। दुर्गा शक्ति टीम की प्रभारी कुसुम रानी ने कहा कि पुलिस प्रशासन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें सुरक्षा का अहसास कराना है। दुर्गा शक्ति की टीम समय समय पर ऐसे अभियान चलाती रहती है।



**यमुनानगर।** अभियान के तहत दुर्गा शक्ति टीम के सदस्य ऑटो में सफर करने वाली महिलाओं को जागरूक करते हुए।



### बच्चों ने सीखी पेंटिंग की तकनीक

**यमुनानगर।** हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में कोकुयो कैमलिन लिमिटेड के सौजन्य से एक रचनात्मक आर्ट एवं पेंटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उन्हें नई कला तकनीकों से परिचित कराना था। वर्कशॉप के दौरान बच्चों ने पेंटिंग की विभिन्न तकनीकें सीखीं तथा स्टेंसिल और एक्रेलिक रंगों की सहायता से टी.शर्ट एवं टेक्सटाइल प्रिंटिंग का लाइव प्रदर्शन देखा। विशेष आकर्षण यह रहा कि प्रत्येक विद्यार्थी ने स्वयं अपनी टी.शर्ट पर प्रिंटिंग कर एक यादगार अनुभव प्राप्त किया। कोकुयो कैमलिन लिमिटेड की टीम से रोहित ठाकुर, प्रशांत सोबती, परविंद्र गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों को कई तकनीकी जानकारियां उपलब्ध करवाई। विद्यालय की प्राचार्या तोशल गेरा ने कैमलिन टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में अत्यंत सहायक होती हैं।

### नगर पालिका साढ़ौरा ने ठाकुरद्वारा मंदिर के नजदीक स्वच्छता कार्यक्रम का किया आयोजन

# हर व्यक्ति अपने घर के पास सफाई रखने का ले संकल्प : भाटिया

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया मुख्यातिथि के रूप में आईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा स्वच्छता अभियान के तहत नगरपालिका साढ़ौरा द्वारा बुधवार को कस्बा के ठाकुरद्वारा मंदिर श्री मनोकामना के नजदीक स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। वहीं, अध्यक्षता नगरपालिका साढ़ौरा की चेयरपर्सन शालिनी शर्मा ने की।

मुख्यातिथि ने कार्यक्रम का शुभारंभ सफाई करके किया। मुख्यातिथि एवं हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि स्वच्छता की शुरुआत हमें अपने घर से ही करनी है। हर एक व्यक्ति संकल्प ले कि हम अपने घर के आसपास साफ सफाई रखेंगे और किसी अन्य घर के दरवाजे पर कूड़ा नहीं डालेंगे। उन्होंने लोगों को वातावरण की स्वच्छता के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आहवान किया।

रेनू भाटिया ने कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे परिवेश की सुंदरता बढ़ाती है। बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता से भी सीधा संबंध रखती है। उन्होंने लोगों से अपने घर, गली, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा प्लास्टिक और कचरे के उचित निस्तारण पर विशेष ध्यान दें। मुख्यातिथि रेनू भाटिया ने कहा कि हरियाणा स्वच्छता अभियान केवल एक अभियान नहीं है। बल्कि यह जन जन का संकल्प बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हम अपने प्रदेश को पहली पंक्ति में ले जाने के लिए प्रसिद्ध है। स्वच्छता इसकी पहली कड़ी है। मौके पर मुख्यातिथि रेनू भाटिया ने उपस्थित सभी पार्षदों को पौधे देकर सम्मानित किया और ठाकुरद्वारा मंदिर श्री मनोकामना मंदिर में पूजा अर्चना भी की।




**यमुनानगर।** साढ़ौरा में नपा द्वारा आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेते हुए मंचासीन मुख्यातिथि रेनू भाटिया व अन्य अतिथिगण।

#### झाड़ू लगाकर किया जागरूक

इस अवसर पर मंदिर के आसपास मुख्यातिथि व नगर पालिका साढौरा की चेयरपर्सन शालिनी शर्मा, वाइस चेयरमैन देवेंद्र सिंह व पार्षदों ने आसपास के क्षेत्रों में झाड़ू लगाकर कचरा एकत्रित कर और सफाई के प्रति सभी को जागरुक किया। मौके पर नगर पालिका सचिव सुरेंद्र मलिक, थाना प्रभारी साढौरा प्रमोद कुमार, साढौरा से सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन नायब सैनी, पार्षद सुनीता ठुकराल, संगीता, सरजीवन, गोपाल, जगद आदि मौजूद रहे।

# आरएसएस ने सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाया

- रादौर के सभी मंदिरों में भगवान वाल्मीकि की महिमा का गुणगान करने का बीड़ा उठाया

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| रादौर

आपसी समरसता को बढ़ावा देने व जाति भेद को खत्म करने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने एक कदम ओर बढ़ाते हुए रादौर के सभी मंदिरों में भगवान वाल्मीकि की महिमा का गुणगान का बीड़ा उठाया है।

संघ की विशेष गतिविधि सामाजिक समरसता के तहत हर मंदिर में बैनर के माध्यम से बताया जा रहा है कि भगवान वाल्मीकी रामायण के रचियता, माता सीता, लव कुश के पालक, आदिकवि व त्रिकालदर्शी थे। बैनर को देखकर मंदिर में आने वाले हर श्रद्धालु के मन में समरसता का भाव जाग रहा है। संरक्षक मान सिंह आर्य ने बताया कि भगवान वाल्मीकि के प्रकटोत्सव के अवसर पर इस मुहिम को धरातल दिया गया। इसका उद्देश्य केवल जाति-भेद को खत्म कर यह संदेश देना है कि महापुरुष किसी एक जाति वर्ग के नहीं होते। बल्कि सभी के आराध्य होते हैं। आपसी समरसता का संदेश देने के लिए सभी मंदिरों में इस तरह के बैनर लगाए गए हैं। चाहे वह श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर हो या फिर भगवान कृष्ण का। प्रत्येक मंदिर में यह संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्य में जिला संयोजक रविंद्र सैनी, सह संयोजक डॉ.विमल गर्ग व अन्य कई पदाधिकारी उत्साह से जुटे हुए हैं।

### बाइक रुकवाकर युवक पर हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** गांव शेरपुर मोड के पास कुछ युवकों ने बाइक रूकवाकर गांव सिंगपुरा निवासी धर्मवीर पर हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक आरोपी को नामजद करते हुए चार अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धर्मवीर ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले प्रिंस उर्फ पारसी के खिलाफ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगा। धर्मवीर ने बताया कि पांच अक्तूबर को शाम पौने सात बजे वह बाइक से घर जा रहा था। इस दौरान शेरपुर मोड़ के पास आरोपी प्रिंस ने अपने चार अन्य साथियों के साथ उसे रोक लिया और हमला कर दिया।

## खबर संक्षेप



### मेहंदी स्पर्धा में वंशिका नितिका ने मारी बाजी

शाहबाद। रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा ने सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद मारकंडा के सहयोग से को-प्रोजेक्ट के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता विद्यालय प्रांगण में बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। ग्रुप-1 में वंशिका ने प्रथम, वंशिका ने द्वितीय, दीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि पूर्वी को सांतवना पुरस्कार मिला। ग्रुप-2 में नितिका ने प्रथम, सिमरन ने द्वितीय, सोनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और शगुन को सांतवना पुरस्कार दिया गया।

### फसल अवशेष प्रबंधन पर चेतना रैली आयोजित

कुरुक्षेत्र। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव बलाही में फसल अवशेष प्रबंधन पर जागरुकता के लिए चेतना रैली का आयोजन किया गया। खंड कृषि अधिकारी थानेसर डॉ विनोद कुमार ने बताया कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार डॉ कर्मचद, उपनिदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कुरुक्षेत्र के मार्गदर्शन में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव बलाही में फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व पर जागरूकता फैलाने के लिए एक चेतना रैली का आयोजन किया गया।

### सड़क पर सामान रखा तो होगा जब्त : अरविंद

कुरुक्षेत्र। नगरपरिषद के सचिव अरविंद कुमार ने कहा कि त्यौहारी सीजन को देखते हुए बाजारों में अतिक्रमण न हो और लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके लिए नगर परिषद की टीम द्वारा दुकानदारों को सचेत करने के साथ-साथ सामान जब्त करने की चेतावनी भी दी जा रही है। नपा सचिव अरविंद कुमार ने बताया कि अब त्यौहारी सीजन शुरू हो चुका है और देखने में आया है कि कई दुकानदार अपना सामान बाहर सडकों पर रख लेते हैं जिसके कारण वाहन चालकों व पैदल चलने के लिए रास्ता ही नहीं बचता नतीजन बाजारों में जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।

### 10 शोधार्थी पीएचडी उपाधि के पात्र घोषित

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 10 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में गृह विज्ञान विभाग से श्वेता गोयल व अदिति वोहरा, कैमिस्ट्री से प्रीति रानी व आरजू, इलेक्ट्रॉनिक साइंस विभाग से प्रियंका नौटियाल, अप्लाईड जियोफिजिक्स से अभिषेक आदि शामिल है।

## झमाझम बारिश से सड़कें जलमग्न, लोगों की परेशानी बढ़ी

# तेज हवाओं के साथ बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, ओलावृष्टि से गिरा तापमान

*बारिश से मंडी में पड़ी धान भीगी, जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ और तेज हवाओं के कारण किसानों की खेत में खड़ी फसल जमीन पर बिछ गई, वहीं ओले ने भी फसलों को प्रभावित किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले में बुधवार को दोपहर में 40 मिनट हुई झमाझम बारिश के साथ शहर से बरसाती पानी निकासी के दावे भी बारिश के साथ बह गए। भारी बरसात के चलते सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो गाय। शहर में विभिन्न मार्गो पर पर बारिश का पानी जमा हो गया। सड़कें बरसाती नालों में बदल गए। कुछ इलाकों में बरसाती पानी घरों में घुस गया। इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश से मंडी में पड़ी धान भीग गई, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं के कारण आई बारिश के कारण किसानों की खेत में खड़ी फसल जमीन में बिछ गई। वही ओले ने भी फसल को नुकसान पहुंचाया। बारिश के साथ शहर की पानी निकासी की व्यवस्था भी चौपट हो गई। बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव होने के कारण कई वाहन पानी के बीच में ही फस गए और कई वाहन खराब हो गए। मेन बाजार में निकासी की व्यवस्था न होने के कारण नालियों का पानी भी सड़कों पर जमा हो गया।



कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर के समीप बारिश में भीगती धान की फसल।



कुरुक्षेत्र। झांसा रोड पर जमा बारिश के पानी में से गुजरते वाहन चालक।

### पानी से लबालब सड़कों पर फंसे वाहन

बाजार में खरीदारी करने आए लोगों को खासी परेशानी हुई। गांधी नगर, रोटरी चौक, महाराणा प्रताप चौक, देवीलाल चौक, श्रद्धानंद चौक, सेक्ट 17, पुराना बस अड्डा के समीप सड़क पर बरसाती पानी जमा हो गया। बारिश के दौरान लबालब पानी से भरी सड़कों पर काफी संख्या में कार -दुपहिया वाहन फंस गए। बरसात के बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बारिश के कारण सड़कों पर पानी भरने से जहां आम जनजीवन परेशान रहा तो वहीं दूसरी ओर नगर में प्रवाहित होने वाले नाले पानी से लबालब हो गए। इससे नालों का गंदा पानी सड़कों पर पसर गया। इस कारण लोगों को आवागमन में भारी दुश्वारियां का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण नगर के विभिन्न मार्ग जलमग्न हो गए। बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



कुरुक्षेत्र। जमीन पर पड़े आले का दृश्य।

## जिला नगर योजनाकार टीम की कार्रवाई 9.5 एकड़ में हो रहा था निर्माण

# 2 अवैध कालोनियों में निर्माण को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र में राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र में 2 जगहों पर लगभग 9.5 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव दर्रा कलां में 4.25 व गांव दर्रा कलां में ही 5.25 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों को उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोड़फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने कुरुक्षेत्र में राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र में गांव दर्रा कलां में स्थित लगभग 9.5 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कालोनियों में बनी सड़कें, सीवरेज और मेनहॉल और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया।



### जारी किए थे नोटिस

*विक्रम कुमार ने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव दर्रा कलां में 2 जगहों पर लगभग 9.5 एकड़ में 2 अवैध कालोनियों के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।*

### महाराजा अजमीढ़ जी महाराज की जयंती मनाई

घरौंडा। युवा फाउंडेशन हरियाणा के सदस्यों एवं स्वर्णकार समाज के पदाधिकारियों ने घरौंडा की गऊचरांद संरक्षण समिति गौशाला में महाराजा अजमीढ़ जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में गौ सेवा एवं पुष्पांजलि सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वसमाज के सदस्यों ने महाराजा अजमीढ़ जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। युवा फाउंडेशन हरियाणा सामाजिक संस्था के प्रधान योगेश वर्मा ने बताया कि अजमीढ़ जी महाराज किसी एक जाति या धर्म के गुरु नहीं, बल्कि समाजवाद के सच्चे धोतक थे। उन्होंने समाज में एकरूपता लाने का काम किया।

# युवा पीढ़ी अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह : भारद्वाज

- राजकीय विद्यालय रतनडेरा में स्वास्थ्य जागरुकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य अकादमी, हरियाणा, डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं इंडियन पीडियाट्रिक एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के संयुक्त सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गाँव रतनडेरा कुरुक्षेत्र में स्वस्थ जीवनशैली बोझ नहीं, बल्कि भविष्य में आगे बढ़ने की नींव है विषय पर एक प्रेरणादायक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंडियन पीडियाट्रिक एसोसिएशन के जिला प्रधान एवं वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश भारद्वाज तथा डी आर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ. संजय शर्मा आयुर्वेद विशेषज्ञ,एक्सपर्टाइज मेडिकल कैंपस आगेर्नाइजर ने भाग लिया और बच्चों को जीवन में स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया। शिविर को संबोधित करते हुए डॉ. राकेश भारद्वाज ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी डिजिटल दुनिया की चकाचौंध में अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाह होती जा रही है।




कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते डा. राकेश भारद्वाज।

### शरीर, मन व आत्मा का संतुलन ही संपूर्ण स्वास्थ्य

*डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में 2037 वॉ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि युवाओं के पास ऊर्जा और सपनों की शक्ति होती है, लेकिन यदि शरीर और मन स्वस्थ नहीं होंगे तो यह शक्ति व्यर्थ चली जाती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली कोई बोझ नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की नींव है। आयुर्वेद के अनुसार शरीर, मन और आत्मा का संतुलन ही संपूर्ण स्वास्थ्य है, और यह संतुलन दिनचर्या, आहार, नींद और सोच से निर्मित होता है।*

# नए सत्र से तीन नए विषय शुरू होंगे: सचदेवा

- यूनिवर्सिटी मॉडल स्कूल में गुरु छात्र अभिनंदन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में नए सत्र से तीन नए विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी और होम साइंस शुरू किए जाएंगे। यह जानकारी डॉ ममता सचदेवा ने बुधवार को यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में भारत विकास परिषद की मैत्रेयी शाखा द्वारा आयोजित गुरु छात्र अभिनंदन समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर दी। इस अवसर पर स्कूल परिसर में मेहंदी, रंगोली बनाओ, कार्ड मेकिंग व दीया मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



कुरुक्षेत्र। डा. सुशील टाया को सम्मानित करते अतिथि।

### शिक्षक सुशील व सुनीता को किया सम्मानित

*इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह, शिक्षक डॉ सुशील कुमार टाया व सुनीता को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। स्कूल मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. शुचिस्मिता, डॉ. अनिता भटनागर, डॉ.बिंदू, डॉ. सुमन ढांडा, डॉ. नीरा, डॉ. सुलेखा, डॉ. पूनम, डॉ. रीटा दहिया, डॉ. उर्मिला, डॉ. संगीता, कुमारी कुसुम, अनिता गुप्ता, चंपा, मधुबाला, मधुमति, भूपेंद्र आदि मौजूद रहे।*



कुरुक्षेत्र। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

### बरसात से किसानों के हुए नुकसान का मुआवजा दे सरकार : चौटाला

कुरुक्षेत्र। जाट धर्मशाला में आयोजित जजपा जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष ब्रज शर्मा ने शिरकत की। पार्टी जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला की अगुवाई में उनका जबरदस्त स्वागत किया। कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि पहले बाढ़ और अब बेमौसम बरसात के कारण हरियाणा के किसान परेशान हैं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि बेमौसम बरसात के कारण किसानों को जो नुकसान हुआ है, उसका मुआवजा मिलना चाहिए। वहीं नमी के नाम पर किसानों को होने वाले नुकसान पर सरकार को संज्ञान लेना चाहिए और तुरंत नमी का प्रतिबंध हटाकर किसानों से धान खरीदना चाहिए। इससे पहले बैठक में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला व अन्य वरिष्ठ नेताओं पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मुख्यमंत्री को प्रदेश के लोगों की चिंता नहीं है, वे तो तीन दिन के लिए जापान चले गए है।

# सांसद खेल महोत्सव : रजिस्ट्रेशन में नवीन जिंदल हरियाणा में नंबर एक पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद खेल महोत्सव से पहले सांसदों के बीच ही प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई है। इसमें कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल सबसे आगे हैं। जबकि फरीदाबाद से केंद्रीय मंत्री कंवरपाल गुर्जर सबसे पीछे चल रहे हैं। नवीन जिंदल ने अब तक 2 लाख 11000 से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाए हैं। जबकि फरीदाबाद से केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के संसदीय क्षेत्र में अभी तक 387 युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन खेल महोत्सव के लिए कराया। इसी तरह कांग्रेस की सांसद कुमारी शैलजा प्रदेश में दूसरे नंबर पर हैं। कुमारी शैलजा के संसदीय क्षेत्र से 10 हजार 178 रजिस्ट्रेशन खेल महोत्सव के लिए हुए। गुरुग्राम से राव इंद्रजीत के क्षेत्र से 404 कांग्रेस के सतपाल ब्रह्मचारी के क्षेत्र सोनीपत से 459 रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा के क्षेत्र से 590 अंबाला से कांग्रेस सांसद वरुण मुलाना के आरक्षित क्षेत्र से 697 रजिस्ट्रेशन अब तक हुए हैं। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल भी करनाल से 1100 रजिस्ट्रेशन तक ही सिमट कर रह गए। इसी तरह भिवानी महेंद्रगढ़ से सांसद धर्मवीर सिंह 1528 रजिस्ट्रेशन पर चल रहे हैं। हिसार से कांग्रेस सांसद जयप्रकाश 1957 के साथ प्रदेश में तीसरे स्थान पर हैं।

### क्या है सांसद खेल महोत्सव



नवीन जिंदल

सांसद खेल महोत्सव एक खेल प्रतियोगिता है। जिसे विभिन्न सांसद अपने संसदीय क्षेत्रों में आयोजित करते हैं। इसका उद्देश्य युवाओं को खेलों के माध्यम से जोड़ना, स्थानीय प्रतिभाओं को आगे लाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, वॉलीबॉल, कुश्ती, क्रिकेट, एथलेटिक्स, बैडमिंटन आदि शामिल हैं।



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपता ग्रामीण चौकीदार सभा का प्रतिनिधिमंडल।

### ग्रामीण चौकीदार सभा के डेलिगेशन सीएम के ओएसडी को सौंपा मांगों का ज्ञापन

कुरुक्षेत्र। ग्रामीण चौकीदार सभा के डेलिगेशन ने बुधवार को सीएम आवास पर मुख्यमंत्री के ओएसडी कैलाश चन्द सैनी को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। मुख्य रूप राज्य महासचिव कली राम ने कहा कि सरकार ग्रामीण चौकीदारों की मांगों व समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रही है। आज इस मंहगाई में मामूली से मानदेय में चौकीदार के परिवार का गुजारा करना अति दुर्लभ है। सरकार के प्रति चौकीदारों में भारी रोष व्याप्त है। चौकीदार अपनी वाजिब मांगों को पूरा करवाने बारे 18 सितम्बर को पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पवार निवास स्थान मडलोडा जिला पानीपत मे अपनी मांगों का ज्ञापन दिया था लेकिन अभी तक कोई बातचीत नहीं हो पाई है। डेलिगेशन में राज्य प्रधान मदन कालरा, राज्य महासचिव कली राम, राज्य उपप्रधान बाबू राम, शुशील, राम जीवन, राजेन्द्र सुलौधा, सीटू जिला सहसंयोजक अनिल कुमार व रोशन लाल मौजूद रहे। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि ग्रामीण चौकीदारों को पक्का किया जाए तब तक पक्का नहीं 26000 हजार न्यूनतम वेतन दिया जाए।

### अपने साजन के लिए कल सजेंगी सुहागिनें, चांद का दीदार कर खोलेंगी व्रत



पिहोवा। करवा चौथ पर्व को लेकर मेहंदी लगवाती महिलाएं ।

पिहोवा। शुक्रवार को देश भर में मनाए जाने वाले करवा चौथ के व्रत को लेकर धर्म नगरी पिहोवा में भी महिलाओं में भारी उत्साह पाया जा रहा है। करवा चौथ सुहाग का पर्व है। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को करने से सुहाग की उम्र लंबी होती है। साल में एक बार आने वाला यह पावन व्रत महिलाओं के लिए आस्था और समर्पण का प्रतीक है। नवविवाहित युवतियों में इस व्रत को मनाने के लिए उत्साह ज्यादा दिखाई दे रहा है। महिला कविता चक्रपाणि ने अपनी बात सांझा करते हुए कहा कि इस व्रत को लेकर मन में एक विशेष उत्साह सा बना रहता है। व्रत रखने में केवल धार्मिकता ही नहीं, बल्कि अपने जीवनसाथी के प्रति स्नेह और समर्पण भी दिखाई देता है। आज का दिन प्रेम और धैर्य की मिसाल है। इस दिन का उत्साह और सजना के लिए तैयार होना हमें और करीब लाता है। डॉ. प्रियंका मंगला का कहना है कि इस व्रत के दौरान संयम और धैर्य का अभ्यास महिलाओं की मानसिक शक्ति को मजबूत करता है। करवा चौथ का व्रत प्रेम, विश्वास और पति के प्रति समर्पण का प्रतीक है, जो पारिवारिक संबंधों को मजबूत बनाता है।

**धर्म-कर्म** | महिलाएं सुहाग की लंबी उम्र के लिए रखेगी व्रत

# सिद्धि योग व रोहिणी नक्षत्र में करवा चौथ का व्रत, कई गुणा फल की होगी प्राप्ति : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

इस बार करवा चौथ का व्रत 10 अक्टूबर, शुक्रवार के दिन रखा जाएगा. हर वर्ष इस पर्व को कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक रामराज कौशिक ने बताया कि अबकी बार करवा चौथ का व्रत सिद्धि योग और रोहिणी नक्षत्र में आ रहा है जो बहुत ही शुभ संयोग है जिससे इस व्रत को करने से आपको कई गुणा फल की प्राप्ति होगी। इस दिन विवाहित महिलाएं सुहाग की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं और करवा माता की प्रार्थना करती हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इस व्रत के बारे में श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को बताया था और शिव जी ने माता पार्वती को इस व्रत के बारे में बताया था धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, करवा चौथ का व्रत अखंड सौभाग्य के लिए रखा जाता है। माना जाता है कि इस व्रत को विधिपूर्वक रखने से पति की आयु लंबी होती है। इस व्रत को निर्जला रखा जाता है।

### करवा चौथ पर शुभ मुहूर्त



रामराज कौशिक।

10 अक्टूबर को करवा चौथ का पूजन मुहूर्त और कथा सुनने का मुहूर्त शाम 5 बजकर 57 मिनट से लेकर शाम 7 बजकर 11 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा, इस दिन व्रत का समय सुबह 6 बजकर 19 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 13 मिनट तक रहेगा। करवा चौथ के दिन चंद्रोदय का समय रात 8 बजकर 13 मिनट रहेगा।

### किसी को अपशब्द ना कहे

व्रत केवल शारीरिक संयम ही नहीं बल्कि मानसिक शांति का भी प्रतीक है। इस दिन किसी की बुराई करना, झगड़ा करना या मन में नकारात्मक विचार लाना शुभ नहीं माना जाता है। करवा चौथ पर पति-पत्नी के रिश्ते में मधुरता और आपसी सम्मान बनाए रखना ही व्रत का असली उद्देश्य है।

### न करे ये गलतियां

पंडित रामराज कौशिक ने बताया कि करवा चौथ के पावन व्रत के अवसर पर ये गलतियां बिलकुल भी नहीं करनी चाहिए जिससे व्रत का पुण्य प्राप्त नहीं होता है।

**काले,सफेद, गहरे नीले, भूरे रंग के वस्त्र न पहने**

करवा चौथ पर काले, सफेद गहरे नीले, भूरे वस्त्र धारण करना अशुभ होता है। क्योंकि ये नकारात्मक ऊर्जा पैदा करते है इसकी जगह महिलाओं को लाल, गुलाबी, पीले या नारंगी हरे जैसे शुभ रंगों के वस्त्र पहनने चाहिए। यह न केवल सौभाग्य लाता है बल्कि दांपत्य जीवन में प्रेम भी बढ़ाता है।

**चाकू, कैंची सुई चलाने से बचे**

करवा चौथ के दिन तेज या नुकीली वस्तुओं का प्रयोग करने से बचना चाहिए। चाकू, कैंची या सुई जैसी चीजों का उपयोग करना शुभ नहीं माना जाता। मान्यता है कि ऐसा करने से व्रत का पुण्य घट सकता है।

### नवीन जिंदल फाउंडेशन की टीम ने उपायुक्त से मुलाकात की

कुरुक्षेत्र। सांसद नवीन जिंदल के नेतृत्व में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों को लेकर नवीन जिंदल फाउंडेशन की टीम ने जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा और जिला खेल अधिकारी से मुलाकात की। इस बैठक में सांसद खेल महोत्सव के आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया ताकि यह महोत्सव न केवल सफल हो, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत भी बने। सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन के लिए जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अनेक महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देना और खेलों के माध्यम से उन्हें एकजुटता, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के भाव से जोड़ना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सभी विभागों और संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित किया जा रहा है। बैठक के बाद नवीन जिंदल फाउंडेशन की टीम जिला के खेल कोचों से मिलने द्रोणाचार्य स्टेडियम पहुंची।

## खबर संक्षेप

### स्नेचिंग के मामले में दूसरा आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-1 की टीम ने आरोपी राकेश उर्फ राखी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। पीडित महिला ने 4 मई 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 मई 2023 को मिलाप नगर अंबाला शहर के पास से आरोपी ने उसके गले से सोने की चेन छीन ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### वांछित आरोपी को फिर भेजा जेल

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मामले में वांछित आरोपी राजन कुमार पुलिस ने काबू कर लिया है। आरोपी की पुलिस काफी समय से तलाश कर रही थी। न्यायालय द्वारा आरोपी को पीओ घोषित किया गया था। 7 अक्तूबर को इस मामले में पुलिस ने आरोपी को काबू करते अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सोनू को गिरफ्तार किया है। आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। पीड़ित महिला ने 9 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 फरवरी 2025 को पंजाब नेशनल बैंक मॉडल टाउन अंबाला शहर में आरोपी ने उसकी सहायता के बहाने कार्ड बदलकर मशीन से नकदी निकालने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### पर्यावरण बचाने के लिए खेतों में पराली न जलाएं

**पानीपत।** डीसी डा.वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिला के किसानों से आह्वान किया कि हम संकल्प लें कि पर्यावरण बचाने के लिए अपना फर्ज निभाएंगे और खेतों में पराली नहीं जलाएंगे। उन्होंने कहा कि हम खुद को और नई पीढ़ी को सुरक्षित व स्वस्थ जीवन दें।

# घरों की तरह शहर को सजाकर स्वच्छता का संदेश दें दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- मंत्री अनिल विज ने दीवाली पर्व पर सभी दुकानदारों से शहर को सजाने का किया आग्रह, नगर परिषद अधिकारियों को भी दिए जरुरी निर्देश

परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि दीपावली पर्व पर जिस प्रकार हम अपने घरों को सजाते हैं। सफाई करते हैं। उसी प्रकार हमें स्वच्छता का संदेश देते हुए अपने शहर को सजाकर स्वच्छता का पैगाम देना है। स्वच्छता अभियान में हम सभी की भागीदारी बेहद आवश्यक हैं।

विज बुधवार को एसडीएम कार्यालय के सभागार में नगर परिषद, विभिन्न बाजार एसोसिएशन, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों की दीपावली से पहले सफाई व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक में बोल रहे थे। इस अवसर पर एसडीएम विनेश कुमार, नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललिता प्रसाद व ईओ देवेंद्र नरवाल सहित वार्डों से पार्षद, अधिकारी व अन्य मौजूद रहे। उन्होंने एसोसिएशन के पदाधिकारियों से आह्वान किया कि इस बार दीपावली पर्व पर हमें साफ-सफाई व्यवस्था करवाते हुए अपने शहर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाते हुए स्वच्छता का पैगाम देना हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में नगर परिषद् द्वारा तो कार्य किए जा रहे हैं। जन भागीदारी की भी बेहद आवश्यकता है। स्वच्छता अभियान के तहत जो कार्य किए जा सकते है, उस बारे यहां पर विस्तार से चर्चा भी की गई।

मंत्री ने इस मौके पर एसोसिएशन व अन्य द्वारा जो भी सफाई व्यवस्था से सम्बंधित सुझाव या बाते रखी गई और जो भी समस्या थी उसका निवारण करने बारे नगर परिषद् को निर्देश भी दिए। विज ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में हमें अपनी पूर्णतः सहभागिता सुनिश्चित करनी हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को बढ़ावा देना हैं, कोई भी दुकानदार जिस पर हिंदुस्तान का बना सामान बिकता है वह अपनी दुकान के बाहर स्वदेशी का बोर्ड लगाए व साथ ही साथ यदि कोई दुकान ऐसी भी है जहां पर जीरो जीएसटी के साथ सामान बेचा जाएगा व भी अपनी दुकान के बाहर इस बारे बोर्ड लाए, इससे वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा मिलेगा।


अंबाला। मीटिंग में दुकानदारों से बातचीत करते मंत्री अनिल विज। फोटो: हरिभूमि

उन्होंने ने कहा कि स्वच्छता ऐप पूरी तरह से क्रियांवित होनी चाहिए, इसके लिए नगर परिषद इस कार्य को करना सुनिश्चित करें। इस स्वच्छता ऐप को मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है और मोबाइल पर फोटो व लोकेशन डालकर सफाई सबंधी या स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाने के कार्य को किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जहां पर भी सामुदायिक/सुलभ शौचालय है उनकी सफाई व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए। स्वच्छता ऐप की निगरानी के लिए बैकअप टीमें भी एरिया वाइज होनी चाहिए ताकि जहां से भी सफाई से संबंधित शिकायत प्राप्त हो वह टीमें मौके पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था के कार्यों को तुरंत कराना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान लावारिस पशुओं का मुद्दा उठा जिसपर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि आवारा पशुओं को पकडऩे के लिए नगर परिषद् द्वारा कार्य किए जाते है। आवारा पशुओं को गाड़ा-बाड़ा के नजदीक 22 एकड़ भूमि पर गौशाला बनाकर स्थांनतरित किया जा सकें, इसके लिए एसडीएम व ईओ रूप रेखा तैयार करें। इसके अलावा उन्होंने टांगरी नदी के आसपास बनी कॉलोनियों में जहां पानी या गंदगी आ गई थी वहां सफाई के निर्देश दिए। विज ने कहा कि बाजार एसोसिएशन अपने-अपने एरिया में सफाई व्यवस्था से दो-तीन कर्मचारियों को नियुक्त करें ताकि सफाई व्यवस्था के कार्य की मॉनिटरिंग हो।

### पार्षदों ने सुझाव रखे

बैठक के दौरान राय मार्केट बाजार एसोसिएशन से हरप्रीत सिंह, सदर बाजार से विकास बत्तरा, हनुमान मार्केट से बीएस बिंद्रा, हरजीत बुद्धिराजा, 12 क्रॉस रोड यादव धर्मशाला से प्रतिनिधियों, विजय रतन चौक मार्केट एसोसिएशन से अतुल महाजन, लायंस क्लब से आशीष, बीसी बाजार एसोसिएशन से रामबाबू यादव, शास्त्री कॉलोनी एसोसिएशन से बलित नागपाल, प्रभु प्रेम पुरम से अनिल चोपड़ा के अलावा विभिन्न पार्षदों ने अपने सुझाव रखे।

# शादी की तैयारियों में बनवा रहे थे नया घर, अब पसरा मातम

37 साल के अमित की यूके में हत्या, पिता को बेटे के शव का इंतजार

## मामूली विवाद को लेकर हुई वारदात, पिता बोले-मां की मौत में नहीं हो पाया था शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

37 साल के अमित बक्शी की यूके में निर्ममता से हत्या के बाद अंबाला शहर के पठान माजरा गांव में मातम का माहौल है। रविवार रात को इंग्लैंड अमित बक्शी की हत्या होने की खबर से परिवार बेहाल है। पिता श्याम बक्शी सदमे में हैं। अब वे बेटे के शव का इंतजार कर रहे हैं। श्याम अब उस दिन को कोस रहे हैं जब उन्होंने अपने बेटे को विदेश भेजा था। उन्हें यह मालूम नहीं था कि विदेश से उसके बेटे की लाश ही आएगी। अमित की हत्या ने न सिर्फ श्याम बक्शी के 17 साल पुराने सपनों को तोड़ दिया है, बल्कि उस घर को भी सूना कर दिया है जो बेटे के स्वागत के लिए तैयार किया जा रहा था। परिवार में उसकी शादी की तैयारी चल रही थी।


अंबाला। मृतक अमित बक्शी का फाइल फोटो।

### साथ रहने वाले ने की हत्या

यूके पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक, रविवार रात 1 बजकर 37 मिनट पर अमित की हत्या की गई। चाकू से किया गया वार सीधे उसके दिल पर था। हत्या के आरोप में मुख्य आरोपी अमर सिंह नाम के युवक को गिरफ्तार किया गया है। वह पंजाब के अमृतसर का रहने वाला है। अमित के साथ ही किराये पर रहता था। बताया जा रहा है कि दोनों के कोई विवाद नहीं था। वह रविवार को साथ में बैठे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है। पिता श्याम बक्शी ने बताया कि अमित बहुत सीधा लड़का था। बस काम करता था, घर के लिए सोचता था। उसने कभी किसी का बुरा नहीं किया। अमित की मंगनी हो चुकी थी। अगले कुछ हफ्तों में शादी की तारीख तय होनी थी। घर में खुशी का माहौल था, रिश्तेदारों के फोन आते रहते थे। पिता, भाई और गांव वाले इस बात से खुश थे कि अब बेटा शादी करके घर बसाएगा लेकिन उनके तमाम सपने बिखर गए। भाई राहुल ने बताया कि अमित का शव अंबाला लेकर आएंगे। शाम तक कागज पूरे किए जाएंगे। अभी तक वहां के प्रशासन ने अनुमति नहीं दी है। जैसे ही अनुमति मिलेगी तो वे खुद जाकर शव को अंबाला लेकर आएंगे। यहीं पर ही उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### मां के निधन पर नहीं आ सका घर

पिता श्याम बक्शी ने बताया कि बेटा अमित बक्शी इंग्लैंड में बिल्डिंग निर्माण की एक निजी कंपनी में नौकरी कर रहा था। मां का निधन चार साल पहले हुआ था लेकिन उस समय भी अमित काम के कारण भारत नहीं आ सका था। भाई राहुल ने बताया कि उनके पिता हमेशा कहते थे- इस बार तो उसे देखूंगा। उसके साथ बैठकर बातें करूंगा लेकिन किसे पता था कि अब वह मुलाकात सिर्फ शव के साथ होगी। अमित ने परिवार के जीवन आसान बना दिया था। पिता श्याम बक्शी ने अमित की वापसी के लिए नया घर बनवाया था। 500 वर्ग गज में बने इस घर की दीवारों पर हाल ही में पेंट हुआ था, फर्नीचर आने वाला था। हर कमरे में बेटे के स्वागत की तैयारी थी। श्याम बताते हैं कि हर शाम घर को निहारते हुए यही मन में आता कि बस दो महीने और फिर अमित यहीं रहेगा।

# बिल दस हजार पर भुगतान न होने पर कटेगा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- बिजली निगम की ओर से कार्रवाई की तैयारी, 72 टीमों को जिम्मेदारी

सावधान। अगर आपका बिजली का बिल दस हजार या फिर इससे ज्यादा है तो भुगतान न होने पर आपका कनेक्शन कट सकता है। बिजली निगम ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने जा रहा है। त्यौहारी सीजन में कनेक्शन कटने से उपभोक्ताओं को दिक्कत हो सकती है। बिजली निगम की ओर से अब ऐसे उपभोक्ताओं को भी चिह्नित किया जा रहा है जिनका बिजली बिल भी 10 हजार रुपये से ऊपर पहुंच गया है। इन उपभोक्ताओं को भी बिल भरने का मौका दिया जा रहा है, इसके बाद कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। निगम की ओर से पांच हजार कनेक्शन काटकर 50 करोड़ की रिकवरी की गई है। बिजली निगम की ओर से त्योहारी सीजन में चेकिंग के लिए सब डिवीजन स्तर पर टीम का गठन किया गया है। यह गठन पूरे सर्कल में किया गया है। निगम ने 72 टीमों का गठन किया है। इन टीमों में जेई, फोरमैन, लाइनमैन शामिल किए गए हैं। यह टीमें शहर और ग्रामीण क्षेत्र में जाकर चेकिंग करेंगी। निगम की ओर से चोरी पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### 75 करोड़ बकाया

अभी सर्कल में चल रहे और काटे गए बिजली कनेक्शन पर बिजली निगम का करीब 75 करोड़ रुपये बकाया है। इसमें कामर्शियल उपभोक्ता पर 24 करोड़ बकाया था। इस राशि में से निगम की ओर से रिकवरी भी की गई है। जिन उपभोक्ता के बिल की राशि 1 लाख से ऊपर पहुंच गई थी, उनके कनेक्शन काटे गए हैं। कार्यकारी अभियंता सुखबीर सिंह ने बताया कि डिफाल्टर उपभोक्ता से रिकवरी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम की ओर से एक लाख से ऊपर की बकाया राशि वाले उपभोक्ता के बिजली कनेक्शन भी काटे गए हैं। अब किसी का 10 हजार रुपये से अधिक बकाया बिल है तो उसका बिजली का कनेक्शन भी काटा जाएगा।

# अंबाला: पौष्टिक भोजन से मानसिक शांति सकारात्मक सोच व आत्मबल को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर– 2 में स्वस्थ आहार का महत्व और विभिन्न खाद्य पदार्थों के सेवन की वैज्ञानिक पृष्ठभूमि और मानसिक स्वास्थ्य के साथ उनका संबंध विषय पर एक ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अंतर्गत मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पर्यावरणविद और चिकित्सक डॉ. जोगिंदर । अपने प्रभावशाली व्याख्यान में बताया कि भोजन केवल शरीर को शक्ति प्रदान नहीं करता, बल्कि यह हमारे मन, विचारों और भावनात्मक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। सात्त्विक एवं पौष्टिक भोजन मानसिक शांति सकारात्मक सोच और आत्मबल को बढ़ाता है। उन्होंने यह भी बताया कि जंक फूड, अत्यधिक शक्कर और तली हुई चीज़ें हमारे शरीर के साथ-साथ मानसिक संतुलन को भी कमज़ोर करती है। डॉ. जोगिंदर ने विद्यार्थियों को प्राकृतिक एवं संतुलित आहार अपनाने, पर्याप्त जल पीने और नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। उन्होंने मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर भी विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मोबाइल की लत ध्यान को भंग करती है नींद को प्रभावित करती है। मनुष्य में चिड़चिड़ापन तथा बेचैनी बढ़ाती है।

### परिवार संग रहे

विद्यार्थियों को उन्होंने डिजिटल सीमाओं का पालन करने और परिवार व प्रकृति के साथ अधिक समय बिताने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा ने इस सत्र की सराहना करते कहा कि कार्यक्रम विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाते हैं। उन्हें जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

### गाड़ी से सामान चुराने का आरोपी भेजा जेल

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने टोल प्लाजा के पास खड़ी कार से मोबाइल फोनए कैश और जूते चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान गढ़ी बेसिक गांव निवासी मुशर्रफ के रूप में हुई है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि गश्त के दौरान उनकी टीम को अंसल गेट नंबर 3 के पास एक संदिग्ध युवक के घूमने की मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम गढ़ी बेसिक निवासी मुशर्रफ पुत्र यासिन बताया। गहनता से पूछताछ करने परए उसने 29 सितंबर की अल सुबह टोल प्लाजा के पास खड़ी एक स्कॉर्पियो गाड़ी से चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की।

# श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया श्री गुरु राम दास का प्रकाश पर्व

- सुखमनी साहिब के पाठ से हुई कार्यक्रम की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अकाल अकादमी होली में श्री गुरु राम दास जी का प्रकाश पर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुखमनी साहिब के पाठ से हुई जिससे संपूर्ण वातावरण में शांति और आध्यात्मिकता का संचार हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने भावपूर्ण शबद कीर्तन प्रस्तुत कर सभी उपस्थित जनों को गुरुबाणी के रस में भाव-विभोर कर दिया। विद्यार्थियों ने अपने प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से गुरु राम दास के जीवन, शिक्षाओं और समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने गुरु जी द्वारा बताए गए विनम्रता, सेवा और भक्ति के मार्ग को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।


बराड़ा। प्रतियोगिता में विजेता रहे स्टूडेंट्स। फोटो: हरिभूमि

### समाज के लिए मार्गदर्शक

कार्यक्रम के अंतर्गत दुमाला और दस्तार प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने अपनी कला व सांस्कृतिक रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सिख परंपराओं के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम का समापन गुरु के प्रेम, करुणा और निस्वार्थ सेवा के संदेश के साथ किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि गुरु साहिब की शिक्षाएं अब भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं।


अंबाला। कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्टाफ और स्टूडेंट्स। फोटो: हरिभूमि

# अवैध कॉलोनियों और डाई हाउस पर चला पीला पंजा

**पानीपत।** जिला नगर योजनाकार प्रवर्तन सुमित मलिक के नेतृत्व में आज अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान लगभग 38 एकड़ क्षेत्र में फैली 6 अवैध कॉलोनियों, 4 अवैध संरचनाओं तथा 1 डाई हाउस को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई राजस्व एस्टेट हड़ताड़ी, बिंझौल, पानीपत तरफ अफगान एवं तरफ इंसार में की गई। पुलिस बल की मौजूदगी में पूरा तोडफ़ोड़ अभियान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जिला नगर योजनाकार सुमित मलिक ने आमजन से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में भूखंड न खरीदें, क्योंकि इन क्षेत्रों में किसी प्रकार की सरकारी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।

# पीएम की रैली में पहुंचेंगे कार्यकर्ता : यशपाल मलिक

**पानीपत।** नॉर्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन आर्गेनाइजेशन की एक बैठक आज राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में हुई। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 17 अक्टूबर को हरियाणा सरकार के 1 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर सोनीपत में रखी गई रैली को सफल बनाने बारे विस्तार से चर्चा की गई। यशपाल मलिक ने कहा कि पीएम मोदी की इस रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के हाथ मजबूत करने के लिए संघ के अधिक से अधिक कार्यकर्ता रैली में पहुंचेंगे। बैठक में सरदार जगजीत सिंह, दीपक मित्तल, शंभू यादव, राजपाल कश्यप एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं ने मेहंदी लगाकर दिखाई प्रतिभा

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की ओर से करवा चौथ एवं आगामी त्योहारों के उपलक्ष्य में मेहंदी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं की कलात्मक प्रतिभा और सृजनशीलता को प्रोत्साहित करना था। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राजश्री खरे ने कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर देते हैं और उन्हें स्वरोजगार एवं उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि मेहंदी केवल सजावट का माध्यम नहीं बल्कि इसके औषधीय गुण भी अत्यंत लाभकारी है। मेहंदी में जीवाणुरोधी और एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं, जो कटने, जलने और त्वचा संक्रमण के उपचार में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में छात्राओं ने पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों की सुंदर मेहंदी लगाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। पूरे वातावरण में उल्लास और त्यौहारों की रंगत देखने को मिली। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. एकता आनंद ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए प्रो. अमरजीत कौर, डॉ. पूजा रानी और डॉ. आशुतोष शर्मा का आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

राष्ट्रीय पोषण माह के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम में बोली-एसडीएम

# परिवार के हर सदस्य के पोषण और स्वास्थ्य पर दें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं अभियान एवं राष्ट्रीय पोषण माह के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम शिवजीत भारती ने बतौर मुख्य अतिथि, जबकि जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) अंबाला मनीषा गागट ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। सीडीपीओ अरविंदर कौर की अध्यक्षता में कार्यक्रम सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की गई और नवजात बेटियों का जन्मोत्सव केक काटकर पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह दृश्य उपस्थित सभी महिलाओं व अतिथियों के लिए प्रेरणादायी रहा। एसडीएम शिवजीत भारती ने अपने संबोधन में कहा कि बेटियों का जन्म, शिक्षा और पोषण किसी भी समाज की प्रगति की नींव है। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत समाज में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मनाया जा रहा 8 वां राष्ट्रीय पोषण माह पुरुषों की भागीदारी थीम पर केंद्रित है।



नारायणगढ़। कार्यक्रम में हिस्सा लेती एसडीएम व अन्य अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### मजबूत समाज का आधार

कार्यक्रम में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, लो कॉस्ट रेसिपी, और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें आंगनवाड़ी वर्कर्स ने अपनी रचनात्मकता और सामाजिक संदेशों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की भावना को व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग का उद्देश्य केवल योजनाएं चलाना नहीं है, बल्कि समाज की सोच में स्थायी बदलाव लाना है। उन्होंने सभी वर्कर्स से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पोषण, स्वच्छता, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के संदेश को आमजन तक पहुंचाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सीडीपीओ अरविंदर कौर ने कहा कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी ही स्वस्थ परिवार और मजबूत समाज का आधार है।

### अधिकारियों का आभार व्यक्त किया

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, वर्कर्स, सहायिकाओं तथा विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान रंगोली, रेसिपी तथा बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली आंगनवाड़ी वर्कर्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्टेनो नवीन सैनी, सुपरवाइजर अनु रानी, सुचित्रा सैनी, राजिंदर कौर, सोनम, नेहा, सहित सीडीपीओ कार्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।